**Title:** Need to take steps to recover ancient `Surya Pratima' alleged to have been stolen from Turkpatti in Kushinagar district, Uttar Pradesh -laid.

श्री मोहन सिंह (देवरिया): उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद में तुर्क पट्टी स्थान पर हजारों वर्ष पुरानी सूर्य प्रतिमा थी, इसे भारत सरकार के पुरातत्व विभाग की मदद और प्रदेश सरकार से प्राप्त धन से निर्मित एक विशाल मंदिर में स्थापित किया जाना था। पुरातत्व विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रतिमा की विश्व बाजार में करोड़ों में कीमत आंकी गई थी। प्राचीन पुरातत्व से प्राप्त मूर्तियों का रख रखाव पुरातत्व विभाग का दायित्व है। स्थानीय लोगों ने वर्षों पहले खुदाई में इसे प्राप्त किया ता। गत माह इस दुर्लभ सूर्य प्रतिमा की चोरी हो गई और अभी तक इसे प्राप्त नहीं किया जा सका। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इंटरपोल के जरिए इस दुर्लभ सूर्य प्रतिमा को ढूंढ कर उस स्थान पर स्थापित करावें।